तापमान
अधिकतम 35 .0 डिग्री
न्यूनतम 23 .6 डिग्री

हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 3 अक्टूबर 2025

12 सबको मिलें राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के समान अवसर




12 चोरी की बड़ी वारदात का पर्दाफाश, एक गिरफ्तार



## हिसार में विद्युत नगर स्थित बद्री केदार रामलीला में जलते पुतले





### भगवान राम के चरित्र से प्रेरणा ले युवा पीढ़ी : गंगवा

*बुराई का प्रतीक न बनकर भगवान राम की तरह अच्छाई के प्रतीक बनें : जिंदल*

# धूमधाम से मना दशहरा, बुराई के प्रतीक पुतलों का किया दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

जिलेभर में विजयादशमी का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। इसके साथ विभिन्न स्थानों पर चल रही रामलीलाओं का भी समापन हो गया। मुख्य समारोह पुराना राजकीय कॉलेज मैदान में हुआ, जहां बुराई के प्रतीक रावण, कुंभकर्ण व मेघनाथ के पुतले जलाए गए और आतिशबाजी की गई। भारी संख्या में शहरवासी दशहरा देखने उमड़े।

■ भीड़ बढ़ने से मुख्य रोड पर यातायात बाधित

पुलिस प्रशासन ने यातायात व्यवस्था सुचारू करने के प्रबंध किए हुए थे, इसके बावजूद रावण दहन के समय एकबारगी आसपास भारी भीड़ जमा हो गई और भीड़ बढ़ने के कारण मुख्य रोड पर यातायात व्यवस्था भी बाधित हुई।

पुराना राजकीय कॉलेज मैदान में आयोजित समारोह में विधायक सावित्री जिंदल मुख्य अतिथि रही। कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने इस अवसर पर रामलीला के पात्रों का तिलक करके उनकी पूजा की। कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने रामलीला कमेटी के प्रयासों की सराहना की और कहा कि युवा पीढ़ी को भगवान राम के चरित्र से प्रेरणा लेनी चाहिए।

प्रदेश व्यापार मंडल के अध्यक्ष बजरंग दास गर्ग ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इसके अलावा प्रमुख समाजसेवी विजय कौशिक, पूर्व मेयर शकुंतला राजलीवाला, अंजनी कुमार खारिया, कृष्ण कुमार गोरखपुरिया व राजेन्द्र गावड़िया विशिष्ट अतिथि रहे। विधायक सावित्री जिंदल ने कहा कि आज हम बुराई के प्रतीक रावण, कुंभकर्ण व मेघनाथ के पुतले फूंक रहे हैं। इनके पुतले इसीलिए फूंके जाते हैं क्योंकि ये बुराई के प्रतीक है जबकि भगवान राम जो अच्छाई के प्रतीक है, हम उनकी पूजा करते हैं। ऐसे में हमें प्रयास करना चाहिए कि हमेशा भगवान राम के बताए मार्ग व शिक्षाओं पर चलें। कभी भी मन में बुराई न आने दें। हर वर्ष की भांति कटला रामलीला कमेटी की ओर से किया गया आयोजन सराहनीय है।





हिसार। पुराना कॉलेज मैदान में आयोजित कार्यक्रम में पात्रों की पूजा करते मुख्य अतिथि व अन्य। पुराना कॉलेज मैदान में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि व अन्य।

### यहां हुए कार्यक्रम

शहर में नृसिंह प्रह्लाद रामलीला दशहरा सभा, मुलतानी चौक की ओर से मुलतानी चौक पार्क में दशहरा कार्यक्रम का आयोजन किया गया, वहीं नई सब्जी मंडी में भी आयोजित दशहरा महोत्सव में भी रावण, कुंभकर्ण व मेघनाद के पुतले जलाए गए। इस कार्यक्रम में मेयर प्रवीण पोपली व पूर्व मेयर गौतम सरदाना मुख्य रूप से उपस्थित रहे।




*शहर में धूमधाम से मनाया गया दशहरा पर्व*

## हांसी में 9 स्थानों पर धूं-धूं कर जला बुराई के प्रतीक रावण का पुतला

**हांसी।** श्री पंचायती रामलीला कमेटी और आदर्श रामलीला कमेटी तथा युवा मित्र मण्डल सहित हांसी में गुरुवार को 9 स्थानों रावण का पूतला दहन कर दशहरा उत्सव धूमधाम से मनाया गया।

■ ऑटो मार्केट में आयोजित कार्यक्रम में विधायक रहे मुख्यातिथि

श्री पंचायती रामलीला कमेटी द्वारा रामलीला ग्राउंड में प्रतीक गोयल कड़ियों वाले ने मुख्यातिथि, समारोह की अध्यक्षता विधायक विनोद भ्याना ने तथा डीएसपी रविन्द्र सांगवान ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। ऑटो मार्केट में आयोजित रावण दहन कार्यक्रम में विधायक विनोद भ्याना ने मुख्य अतिथि तथा नगर परिषद चेयरमैन प्रवीण इलावादी ने बतौर विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की।



### 52 फुट के पुतले का दहन किया

जनसमूह को संबोधित करते हुए विधायक विनोद भ्याना ने कहा कि दशहरा पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। आज ही के दिन भगवान श्री राम ने आसूरी ताकतों का विनाश किया था और उसके बाद अयोध्या लौट देश में राम राज्य स्थापित किया था। ऑटो मार्केट में विधायक विनोद भ्याना द्वारा 52 फुट के पुतले का दहन किया गया। इसी तरह 114 वर्षों से मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की लीलाओं का मंचन कर रही पंचायती रामलीला कमेटी द्वारा रामलीला ग्राउंड में 42 फुट के पूतले का दहन किया गया। रावण के पुतले का दहन से पूर्व रामलीला ग्राउंड में बुलंदशहर से आई शब्बीर एण्ड पार्टी ने मनमोहक आतिशबाजियों का प्रदर्शन किया गया। आदर्श ड्रामेटिक क्लब की और से ऑटो मार्केट में आयोजित रावण दहन कार्यक्रम में विधायक विनोद भ्याना मुख्य अतिथि तथा नगर परिषद चेयरमैन प्रवीण इलावादी ने बतौर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं युवा मित्र मण्डल की ओर से राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल में बुराई के प्रतीक 35 फुट रावण के पुतले का दहन किया गया।

## खबर संक्षेप



### रेलवे पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

**आदमपुर।** आदमपुर रेलवे पुलिस ने रेलवे स्टेशन पर चौकी प्रभारी बलवंत सिंह के नेतृत्व में साइबर क्राइम के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए अभियान चलाया। उन्होंने यात्रियों व लोगों को बताया कि कोई भी अनजान व्यक्ति अगर आपसे बैंक खाता नंबर, मोबाइल नंबर, आधार कार्ड नंबर मांगे तो उसे ना दें। उन्होंने संदिग्ध व्यक्तियों व सामान की जानकारी पुलिस को देने की बात कही।

### गुजवि में चलाया गया सफाई अभियान

**हिसार।** राष्ट्रीय स्वच्छता दिवस एवं गांधी जयंती के अवसर पर गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय में पर्यावरण सरंक्षण में कार्यरत ग्रीन अर्थ संगठन कुरुक्षेत्र के सहयोग से सफाई अभियान चलाया गया। विश्वविद्यालय में मनाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़े के तहत आज पुराने रिहायशी क्षेत्र में ड्राई वेस्ट पीकिंग ड्राइव चलाकर प्लास्टिक आदि सूखा कचरा एकत्रित किया गया।

### सरकार को हड़ताल पर जाने का अल्टीमेटम : गोदारा

**हिसार।** हरियाणा सहकारी विपणन समिति कर्मचारी यूनियन के प्रदेश महामंत्री हनुमान गोदारा ने कहा है कि हैफेड के तहत प्रदेश में मंडी स्तर पर 69 सहकारी विपणन समितियां कार्यरत है जो मंडियो में किसानों की फसल खरीदने का कार्य करती है इसके लिए इन समितियों को हैफेड द्वारा गेहूं फसल खरीद पर 1.33 रुपए प्रति क्विंटल की दर से कमीशन मिलता है। धान फसल की खरीद पर न्यूनतम समर्थन मूल्य का 0.25 प्रतिशत की दर से कमीशन मिलता हैं।

*'आज के दौर में साम्राज्यवाद व गांधीजी' पर सेमिनार*

## अहिंसा व सत्याग्रह के आंदोलन ब्रिटिश साम्राज्यवाद के विरुद्ध प्रेरणास्त्रोत बने

धर्मवीर शर्मा बोले, सम्प्रभुता की पहली शर्त है आत्मनिर्भरता

**हिसार।** डेमोक्रेटिक फोरम की ओर से गांधी जयंती के अवसर पर सर्वोदय भवन में 'आज के दौर में साम्राज्यवाद व गांधीजी' विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। सर्वोदय भवन के संचालक धर्मवीर शर्मा ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नेतृत्व में लड़े स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान उपजे आदर्श व सविंधान मे निहित संकल्प जिसमें उपनिवेशवाद व साम्राज्यवाद से स्वाधीनता, लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता, समानता, आर्थिक स्वतंत्रता, सामाजिक न्याय व आत्मनिर्भरता हमारी राष्ट्र निर्माण की नीतियों के मार्गदर्शक रहे हैं।




हिसार। कार्यक्रम में नारेबाजी करते डेमोक्रेटिक फ्रंट के पदाधिकारी।

### रोल्ट एक्ट के विरुद्ध पहला आंदोलन

यद्यपि देश मे अंग्रेजों की नीतियों के विरूद्ध आंदोलन हुए पर गांधी जी द्वारा रोल्ट एक्ट के विरूद्ध किया गया आंदोलन अखिल भारतीय स्तर का देश में पहला आंदोलन था। इस आंदोलन ने देश को एक नई राष्ट्रीय पहचान दी। अहिंसा व सत्याग्रह के शांतिपूर्ण आंदोलन न केवल देश में ब्रिटिश साम्राज्यवाद के विरुद्ध प्रेरणास्रोत बने बल्कि दक्षिणी अफ्रीका व अन्य देशों के स्वतंत्रता आंदोलन भी इस से प्रेरित हुए। सम्प्रभुता की पहली शर्त आत्मनिर्भरता है। साम्राज्यवादी राष्ट्रों के असहयोग व विरोध के बीच देश ने आत्मनिर्भरता की राह के चलते औद्योगिकीकरण, भूमि सुधार बुनियादी ढांचा, विनिर्माण, शिक्षा व प्रौद्योगिकी के क्षेत्र महत्वपूर्ण प्रगति की। सोवियत रुस के 1991 में विघटन के बाद साम्राज्यवादी देशों ने छोटे, गरीब व अल्पविकसित राष्ट्रों के शोषण की गति तेज कर दी।

### कहानी प्रतियोगिता में कोमल को दूसरा स्थान

**हिसार।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट), मात्रशाम में हिंदी पखवाड़ा के तहत जिला स्तरीय स्वरचित कहानी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, शिकारपुर की 10वीं कक्षा की छात्रा कोमल ने भाग लिया और द्वितीय स्थान प्राप्त किया। डाइट मात्रश्याम की प्रधानाचार्या अंजू अहलावत ने विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य राजकुमार श्योराण ने छात्रा कोमल की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि कोमल की यह उपलब्धि विद्यालय के लिए गौरवपूर्ण क्षण है। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए छात्रा कोमल तथा हिंदी विषय की प्रवक्ता नीलम रानी को बधाई दी। उन्होंने आशा व्यक्त की कि हमारे विद्यार्थी भविष्य में भी सफलता प्राप्त करेंगे।

*राजकीय महाविद्यालय, नलवा में प्रतिभा खोज कार्यक्रम*

## नृत्य प्रतियोगिता में बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा नीतिका ने मारी बाजी

दो दिवसीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में गायन में विश्वनंद रहे प्रथम

**हिसार।** राजकीय महाविद्यालय, नलवा में राजकीय उच्चतर शिक्षा अधिकारी एवं प्राचार्या डा.कमलेश दूहन की अध्यक्षता में सांस्कृतिक समिति की इंचार्ज डॉ. सुदेश राठी एवं समिति के अन्य सदस्यों द्वारा दो दिवसीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजकीय महाविद्यालय, अग्रोहा के प्राचार्य डॉ. पवित्र मोहन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्राचार्या डॉ. कमलेश दुहन एवं मुख्य अतिथि ने सरस्वती मां के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया।




हिसार। प्रतिभागियों के साथ मुख्य अतिथि प्रो. पवित्र मोहन, प्राचार्या डॉ. कमलेश दुहन व अन्य स्टाफ सदस्य तथा नृत्य प्रस्तुति देती हुई छात्रा निकिता।

### ये हुई प्रतियोगिताएं

मंच संचालिका डॉ. नेहा ने प्राचार्या व मुख्य अतिथि का स्वागत किया। कार्यक्रम के पहले दिन भाषण, कविता पाठ, पोस्टर मेकिंग, रंगोली, क्ले मोडलिंग, नृत्य, रागिनी गायन, इंस्ट्रूमेंट वादन आदि प्रतियोगिताएं करवाई गई और दूसरे दिन गायन, नृत्य प्रतियोगिता में विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्राचार्या डॉ. कमलेश दूहन ने पुष्पगुच्छ देकर मुख्य अतिथि का हार्दिक अभिनन्दन किया। कार्यक्रम में प्राचार्या डॉ. दूहन ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन हमारे विद्यार्थियों के लिए केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि आत्म-अभिव्यक्ति का एक सशक्त मंच है।

*ज़िला स्तर पर हिन्दी पखवाड़ा आयोजित*

## पंजाबी भाषा में भी प्रतियोगिता करवाने के लिए दिया मांगपत्र

■ डाईट मात्रश्याम संस्थान की इंचार्ज को सौंपा मांगपत्र

**हिसार।** पंजाबी भाषा अध्यापक व पंजाबी भाषा अध्यापक प्रचार प्रसार सोसायटी की जिला इकाई के सचिव गौरव भुटानी ने बताया कि जिला शिक्षा व प्रशिक्षण संस्थान मात्रश्याम में ज़िला स्तर पर हिन्दी पखवाड़ा का आयोजन किया गया। इसमे ज़िला स्तर पर चुने हुए स्कूली बच्चों की भाषा की विभिन्न विधाओं होने वाली प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

इस प्रतियोगिता में पंजाबी भाषा अध्यापक नलवा मॉडल संस्कृति स्कूल की तरफ़ से बच्चों को लेकर गए थे। उन्हें इस तरह की प्रतियोगिता देखने का अवसर पहली बार मिला। वे डाईट मात्रश्याम संस्थान की इंचार्ज अंजू अहलावत से भी मिले। जहां उन्होंने हिंदी भाषा की तर्ज पर ये प्रतियोगिता हरियाणा की दूसरी भाषा पंजाबी में भी करवाने की इच्छा ज़ाहिर करते हुए मांग पत्र भी दिया। भाषा अध्यापक ने बताया कि वे वर्ष 2019 से शिक्षा विभाग में कार्यरत है लेकिन पंजाबी भाषा में इस तरह की कोई भी प्रतियोगिता, जो बच्चों में भी नया उत्साह भर देती है, नहीं हुई।



हिसार। पंजाबी भाषा के लिए ज्ञापन देते स्टाफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

**आयोजन** विजयादशमी उत्सव एवं शताब्दी स्थापना दिवस समारोह मनाया

*नागरिकों ने जय श्री राम और भारत माता के जयकारे लगाते हुए पुष्प वर्षा की*

# पथ संचलन में दिखा स्वयंसेवकों का अनुशासन व एकता का अनूठा संगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने विजयादशमी के पावन पर्व और अपने शताब्दी स्थापना वर्ष (100वां स्थापना दिवस) के शुभारंभ को एक साथ मनाया। इस अवसर पर, जिला स्तर पर आयोजित पथ संचलन में सैंकड़ों स्वयंसेवकों ने भाग लिया, जो संगठन की शक्ति, अनुशासन और राष्ट्रव्यापी विस्तार का प्रतीक बना। इस दौरान समाज के विभिन्न वर्गों की माताओं बहनों, और बुजुर्गों ने जय श्री राम और भारत माता की जयकारे लगाते हुए पुष्प वर्षा की।

इससे पूर्व शस्त्र पूजन कर मां भारती और श्री राम की प्रतिमा पर पुष्पांजलि भी अर्पित की गई।



हिसार। पथ संचलन करते संघ स्वयंसेवक।

शताब्दी वर्ष के प्रथम कार्यक्रम के तहत गुरुवार को हिसार शहर के चार उपनगरों व सात मंडलों में कार्यक्रम हुए। इस आयोजन के माध्यम से संघ ने अपने शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों की प्रभावी शुरुआत की, जिसका उद्देश्य समाज में समरसता, सेवा और राष्ट्रीय भावना को और सुदृढ़ करना है। मुख्य आयोजन नामदेव उपनगर के पंजाबी भवन में किया गया जिसमें समाजसेवी व चिकित्सक डॉ सुरेंद्र गुप्ता मुख्य अतिथि व भारतीय मजदूर संघ के क्षेत्रीय संगठन मंत्री पवन जी मुख्य वक्ता के तौर पर उपस्थित रहे। विभाग संघचालक पवन जिंदल जी व नगर संघ चालक राहुल जी भी मंच पर रहे। मुख्य वक्ता पवन ने संघ के 100 वर्षों के सेवा और समर्पण के इतिहास पर प्रकाश डाला। यह शताब्दी वर्ष संपूर्ण समाज का उत्सव है, और सभी को राष्ट्रहित के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए।

### सबको साथ लेकर राष्ट्र को आगे बढ़ाया

पटेल नगर के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाजसेवी और चिकित्सक डॉ.नवीन सोनी थे। मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत कार्यवाह प्रताप रहे। इस अवसर पर जिला संघ चालक भूपेंद्र भी उपस्थित रहे। प्रताप ने कहा कि यह सबके लिए गौरव का विषय है कि हमें संघ के सौ वर्ष देखने का अवसर मिला है। इन सौ वर्षों में संघ ने बड़े उतार चढ़ाव देखे हैं। कठिनाइयां आईं, राह रोकने का प्रयास किया गया पर संघ के स्वयंसेवक निर्बाध, निर्भीक आत्मविश्वास और जोश के साथ समाज के लोगों के साथ कदम से कदम मिलाते समाज और राष्ट्र को आगे की ओर बढ़ाते रहे। जिले में अन्य कार्यक्रम भास्कर उपनगर, लाला लाजपत राय उपनगर, कालीरावन, मात्रश्याम, बालसमंद, चौधरीवास, झूंपा, सातरोड, बुधवार मंडलों में भी भव्य कार्यक्रम आयोजित किए गए।

विशेष : वन्यजीव सप्ताह 2-8 अक्टूबर

# दुनिया के ये अनोखे चिड़ियाघर

बच्चो, जू यानी चिड़ियाघर ऐसी जगह होती है, जहां कई तरह के एनिमल्स और बर्ड्स को रखा जाता है। उनकी पूरी देखभाल की जाती है। लेकिन दुनिया में कुछ जू ऐसे भी हैं, जहां की विशेषताओं के बारे में जानकर तुम हैरान रह जाओगे। जानो, दुनिया के कुछ ऐसे ही अमेजिंग चिड़ियाघरों के बारे में।

जंतु-जगत
रजनी अरोड़ा

बच्चो, तुम्हारे शहर या आस-पास के किसी शहर में चिड़ियाघर यानी जू देखने तो तुम जरूर गए होगे। यहां तुम तरह-तरह के वन्य जीवों को देख सकते हो। यहां तुम उन जंतुओं को भी देख सकते हो, जिनके केवल चित्र या वीडियो तुमने अपनी किताबों में, इंटरनेट या टीवी पर ही देखे होंगे। चिड़ियाघर के कर्मचारियों की देख-रेख में रह रहे इन जानवरों को देखने, इनके बारे में जानने-समझने का अपना अलग रोमांच होता है। वैसे तो देश-दुनिया में हजारों चिड़ियाघर हैं। लेकिन आज हम तुम्हें कुछ ऐसे चिड़ियाघरों के बारे में बता रहे हैं, जो अपनी विशेषताओं के कारण बहुत अनोखे हैं।









## सिंगापुर चिड़ियाघर, सिंगापुर

यह दुनिया के बेहतरीन चिड़ियाघरों में एक माना जाता है। इस चिड़ियाघर को 11 पारिस्थितिक क्षेत्रों में विभाजित किया गया है, जिसमें प्रत्येक क्षेत्र से संबंधित प्रजातियों/जीव-जंतुओं के लिए उनके अनुकूल आवास बनाए गए हैं। इस जू में बच्चों के लिए कई विशेष कार्यक्रम भी तैयार किए गए हैं। जैसे- किड्स रेंजर टूर, जिसमें बच्चे चिड़ियाघर संचालक की भूमिका निभाते हैं। इस जू में एनिमल शो का भी आयोजन किया जाता है, जो यहां घूमने आए लोगों के लिए एक यादगार अनुभव होता है।

## क्रोकोसॉरस कोव, ऑस्ट्रेलिया

रोमांच के शौकीन लोगों के लिए ऑस्ट्रेलिया के डार्विन में स्थित यह चिड़ियाघर बेस्ट है। यह चिड़ियाघर मूलतः मगरमच्छों के लिए बना है। इनके साथ ही यहां कई तरह के जलीय, स्थलीय ऑस्ट्रेलियन सरीसृपों जैसे-



सर्प, छिपकली, कछुए का दुनिया का सबसे बड़ा संग्रह भी है। पर्यटक इन्हें बेहद करीब से देख सकते हैं। पर्यटक यहां केज ऑफ डेथ नामक कांच के पारदर्शी पिंजरे में बैठकर 16 फीट गहरे पानी में विशाल मगरमच्छों को बिल्कुल करीब से देखने का रोमांचक अनुभव ले सकते हैं। मगरमच्छों को खिलाने का शो दिन में दो बार होता है। यहां मगरमच्छ के छोटे बच्चों को हाथ में पकड़ने-उठाने और उसके साथ फोटो खिंचवाने का भी मौका मिलता है।

## लेहेलेदु वाइल्ड लाइफ जू , चीन



बच्चो, लगभग सभी चिड़ियाघरों में जानवरों और पक्षियों को पिंजरों में रखा जाता है। लेकिन जरा सोचो, वो चिड़ियाघर कैसा होगा, जहां जानवर तो खुले में घूमते हैं, लेकिन उन्हें देखने जाने वाले इंसानों को पिंजरे में बंद रखा जाता है। ऐसा ही एक चिड़ियाघर है, चीन के चोंगकिंग में स्थित लेहेलेदु वाइल्ड लाइफ जू। इस चिड़ियाघर में पशु-पक्षी अपने प्राकृतिक आवास में खुलेआम घूमते हैं। जबकि यहां आने वाले पर्यटक सुरक्षित पिंजरेनुमा गाड़ी में बंद होकर यहां घूमते हुए जानवरों और अन्य पशु-पक्षियों को बेहद करीब से देख सकते हैं, उन्हें खिला सकते हैं। चीते, शेर जैसे खतरनाक जानवर तो कई बार पर्यटकों से भरे पिंजरेनुमा गाड़ी पर चढ़ भी जाते हैं। सोचो, ये सब कितना रोमांचक होता होगा न!

## ग्रेटर वैंकूवर जू, कनाडा

ब्रिटिश कोलंबिया क्षेत्र में बना यह चिड़ियाघर वैंकूवर गेम फार्म के रूप में शुरू हुआ था। तब यहां मुख्यतया हिरण जैसे छोटे जानवर रखे जाते थे। बाद में जब यहां जानवरों का संरक्षण किया जाने लगा, तब इसका नाम बदल कर ग्रेटर वैंकूवर जू कर दिया गया। अब यहां रेस्क्यू किए गए या बेसहारा जानवर भी रखे जाते हैं। यहां उन जानवरों को पुनर्वास और सुरक्षित माहौल दिया जाता है। पर्यटक यहां जू के स्टाफ के साथ जा सकते हैं, उनसे जानवरों की देखभाल के तरीके जान सकते हैं। यहां जानवरों की 150 से ज्यादा प्रजातियां हैं, जिनमें अमेरिका के सफेद शेर, चीते, तेंदुए, सहारा के रेगिस्तानी दुर्लभ एडैक्स हिरण, अमेरिकी एल्क हिरण, सफेद पेलिकन, अमेरिका का राष्ट्रीय पक्षी बॉल्ड ईगल, बाइसन, ओरेगॉन, पेंटेड टर्टल पर्यटको को विशेष रूप से आकर्षित करते हैं। पर्यटक चिड़ियाघर में ओपन ट्रेन सफारी राइड का मजा भी उठा सकते हैं, जिसमें बैठकर पूरे चिड़ियाघर के जानवरों को पर्यटक आसानी से देख सकते हैं।





वैंकूवर जू में 'जुरासिक पार्क' मूवी की थीम से मिलता-जुलता डायनासोर वर्ल्ड भी है। इनमें डायनासोर के कई बड़े-बड़े एनिमाट्रॉनिक वर्किंग मॉडल बनाए गए हैं, जो धीरे-धीरे हिलते हैं और डरावनी आवाज भी निकालते हैं। उनके आगे लगे बोर्ड से आने वाले पर्यटक उनके बारे में जानकारी भी ले सकते हैं।

## हेनरी डोरली जू, अमेरिका

अमेरिका के नेब्रास्का में स्थित यह चिड़ियाघर, दुर्लभ और संकटग्रस्त प्रजातियों के संरक्षण के लिए मशहूर है। यहां जानवरों की एक हजार प्रजातियों के 20 हजार से अधिक जानवर रहते हैं। इस चिड़ियाघर में बड़े-बड़े इनडोर डोम (कांच के गुंबद) बनाए गए हैं, जिनमें इनडोर रेनफॉरेस्ट और दलदल (अफ्रीका, दक्षिण अमेरिका और एशिया के उष्णकटिबंधीय जंगलों के जानवर और पौधे की तर्ज पर), दुनिया का सबसे बड़ा इनडोर रेगिस्तान (अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिकी दक्षिण-पश्चिम के रेगिस्तान की तरह) को कृत्रिम रूप से बनाया गया है। यहां इन वातावरण में मिलने वाले जानवरों को भी रखा गया है।

इस चिड़ियाघर में दुनिया की सबसे बड़ी किंगडम ऑफ नाइट या रात्रिचर जानवरों को नॉक्टर्नल (रात्रिकालीन) माहौल में रखा जाता है। यानी कृत्रिम रूप से रात जैसा माहौल और तापमान बनाया जाता है, ताकि रात में सक्रिय होने वाले जीव-जंतुओं को दिन के समय भी सक्रिय देखा जा सके। इसके अलावा हेनरी डोरली चिड़ियाघर में उत्तर अमेरिका का सबसे बड़ा कैट कॉम्प्लेक्स भी है, जहां हिम तेंदुआ, अमूर बाघ, लाल पांडा जैसे हिमालय और एशिया की प्रजातियां देखने को मिलती हैं। साथ ही यहां अफ्रीकी घास के मैदान में पाए जाने वाले जिराफ, हाथी, जेब्रा, शेर, हब्बर्ड गोरिल्ला वैली आदि देखे जा सकते हैं।

यहां सुजैन एंड वॉल्टर स्कॉट अंडरवॉटर टनल-एक्वेरियम में शार्क, रे, समुद्री कछुए, ट्रॉपिकल मछलियां जैसे विशाल महासागरीय जंतु भी देखे जा सकते हैं। कुल मिलाकर, हेनरी डोरली चिड़ियाघर पर्यटकों को जानवरों के साथ-साथ उनके पूरे ईकोसिस्टम को देखने, जानने-समझने का अवसर प्रदान करता है। *



---

कविता / सिराज अहमद

## आए-बाए-साए



जंगल है
जंगल में मंगल
उसमें भालू
दौड़े हल-बल
खुश हो कूदे
बंदर गल-गल
उड़-उड़ कौआ
गाना गाए
आए-बाए-साए।
बत्तख चलती
डगमग-डगमग
घोड़ा दौड़ा
टकबक-टकबक
तोता करता
बक-बक, बक-बक
बैठा उल्लू
आंख घुमाए
आए-बाए-साए।
इतने में
बादल आ धमके
आपस में
लड़-लड़कर बमके
जंगल में
बरसे फिर जम के
गिरकर बूंदें
शोर मचाए
आए-बाए-साए।

## बूझो तो जानें



1. दूध से उपजता मैं,
रंग मेरा होता सफेद।
प्रतिरोधकता खूब बढ़ाता,
जल्दी बताओ मेरा भेद।



2. गोल आकार है मेरा,
पेट में बीजों का बसेरा।
पाचन को करता दुरुस्त,
जो चख ले स्वाद मेरा।

3. रंग मेरा है बैंगनी,
डायबिटीज करता कंट्रोल।
पेट में मेरे रहती गुठली,
आकार है मेरा गोल।

- अलका जैन 'आराधना'

उत्तर : 1.पनीर, 2.अमरूद, 3.जामुन

## जीके क्विज-173



1. पिछले दिनों अपने देश में चलती हुई ट्रेन से किस मिसाइल की लॉन्चिंग की गई?
2. हाल ही में किसे सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिला है?
3. चीन का शोक किस नदी को कहा जाता है?
4. ताज महल किस नदी के तट पर स्थित है?
5. अंतरिक्ष यात्रियों को आकाश का रंग कैसा दिखाई देता है?
6. पीसा की झुकी मीनार कहां स्थित है?
7. कागज का आविष्कार सबसे पहले किस देश में हुआ?
8. गौतम बुद्ध को ज्ञान की प्राप्ति किस स्थान पर हुई थी?
9. हमारे शरीर का कौन-सा अंग हमारे रक्त को शुद्ध करता है?
10. सेब में कौन-सा अम्ल पाया जाता है?



बच्चों, जीके क्विज-173 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-172 का उत्तर :** 1.मोहनलाल, 2.कार्लोस अल्काराज, 3. 2 अक्टूबर, 4.गोपाल कृष्ण गोखले, 5.रविंद्रनाथ टैगोर, 6.चंपारण आंदोलन, 7.भारत छोड़ो आंदोलन, 8.1942, 9.महात्मा गांधी, 10.लाल बहादुर शास्त्री

**जीके क्विज-172 का सही उत्तर देने वाले :** आद्या-उमरिया, रमेश-बैकुंठपुर, कबीर-हिसार, अंकित-रायगढ़, विवेक-ईमेल से, सपना-बिलासपुर, मनीष-रोहतक, सुमन-बलौदा बाजार, राकेश-रायपुर, पलाश-मटियारी, अमन-बालोद

---

कहानी
इंदिरा त्रिवेदी

# लाइक, कमेंट का चक्कर

ऋषभ को दोस्तों के साथ सेल्फी और रील बनाने में बड़ा मजा आता था। इस चक्कर में वह खतरे भी मोल ले लेता था। एक बार ऋषभ अपने दोस्तों के साथ एक हिल स्टेशन पर गया। वहां सेल्फी में सनसेट का व्यू लेने में चक्कर में ऋषभ का पैर स्लिप हो गया, इसके बाद जो हुआ, उसके लिए बहुत बड़ा सबक था।



आजकल मम्मी, ऋषभ की सेल्फी लेने और रील बनाने की बढ़ती आदत से बहुत परेशान हैं। वह जब देखो, जहां देखो वहां, सेल्फी लेने लगता है या फिर ऊटपटांग रील बनाता है। मम्मी-पापा ने उसे कितनी बार समझाया, 'ऋषभ पढ़ाई पर ध्यान दो, भविष्य में पढ़ाई ही काम आएगी।' लेकिन उसके कानों पर जूं नहीं रेंगती।

कोरोना के पहले की स्थिति बिल्कुल अलग थी। वह पूरा ध्यान पढ़ाई में लगाता था, लेकिन जब कोराना के समय पढ़ाई मोबाइल के जरिए होने लगी तो उसका स्क्रीन टाइम बढ़ गया, आगे और ज्यादा बढ़ता ही चला गया। मोबाइल की तो जैसे उसकी लत ही लग गई। फिर उसका दोस्त सूरज, उसे सोशल मीडिया के न जाने कौन-कौन से प्लेटफॉर्म पर रील बनाकर अपलोड करने की सलाह देता रहता। ऋषभ को जैसे इसका चस्का ही लग गया।

सेल्फी लेते समय बच्चों द्वारा की गई लापरवाही से होने वाली दुर्घटनाओं के बारे में आए दिन अखबारों में छपता रहता है। मम्मी-पापा अकसर उसे इन खबरों के बारे में बताते और समझाते रहते हैं। वह 'हां-हां' कहता, लेकिन अगले दिन फिर वह सेल्फी लेने और रील बनाने में व्यस्त हो जाता।

अभी पंद्रह दिन पहले की ही बात है। सेल्फी लेने के चक्कर में दो दोस्त इतने मशगूल हो गए कि उन्हें पता ही नहीं चला कि कब वे सड़क के बीचों-बीच आ गए और दुर्घटना का शिकार हो गए। मम्मी कई बार सोचतीं कि ऋषभ को समझाऊं कैसे? लेकिन उन्हें कोई उपाय नहीं सूझता।

रविवार का दिन था। ऋषभ बड़ी जल्दी सोकर उठ गया। यह देख मम्मी ने उससे पूछा, 'क्या बात है, आज तो तुम बड़ी जल्दी उठ गए?'

'अरे कुछ नहीं, वो सूरज के साथ कहीं घूमने जाना है।' ऋषभ बोला।

'क्या सेल्फी लेने और रील बनाने की कोई जुगाड़ हो गई है?' मम्मी ने जानना चाहा।

'अरे नहीं मां, आज छुट्टी है, इसलिए ऐसे ही घूमने जा रहे हैं।' ऋषभ ने बात बनाई।

'अच्छा सुन, किसी खतरनाक जगह पर मत जाना और अपना खयाल रखना।' मम्मी यह हिदायत देकर अपने काम में लग गईं।

'मम्मी, चिंता मत करो।' कहकर ऋषभ अपने दोस्त सूरज के साथ चला गया।

शाम करीब सात बजे मम्मी के मोबाइल पर एक अनजान नंबर से फोन आया। उन्होंने उसे नहीं उठाया, क्योंकि आजकल होने वाली फ्रॉड की घटनाओं को देखते हुए अनजान कॉल रिसीव नहीं करती थीं। दो-तीन बार जब फोन की घंटी बजी तो मम्मी डर गईं। ऋषभ की सेल्फी की आदत से वह वैसे ही डरी-डरी रहती थीं। रह-रह कर उनके मन में बुरे-बुरे खयाल आने लगे।

उधर वही हुआ, जिसका डर था। ऋषभ और सूरज दोनों अपने शहर से दूर एक हिल स्टेशन पर गए थे। आज चूंकि मौसम बहुत अच्छा था, सूरज के अलावा ऋषभ के चार दोस्त और उनके साथ हो लिए थे, तो सब बहुत मस्ती के मूड में थे। सारे दोस्त किराए की एक जीप में सवार होकर हिल स्टेशन पहुंचे थे। सड़क पर कई जगहों पर रुक-रुक कर उन सभी ने सेल्फी ली और ढेर सारी रील्स भी बनाईं। उन सबको बहुत मजा आ रहा था, लेकिन सेल्फी में सनसेट का व्यू लेने के चक्कर में ऋषभ का पैर स्लिप हो गया। वह 80 फीट की ऊंचाई से नीचे गिरने ही वाला था कि उसके साथियों ने उसे कसकर पकड़ लिया। ऋषभ को तो एक पल को लगा कि आज उसकी जान ही चली जाएगी। उसे मम्मी-पापा की हिदायतें रह-रह कर याद आने लगीं। वह यही सोचने लगा कि अगर उसे कुछ हो जाता तो बुढ़ापे में मम्मी-पापा का सहारा कौन बनता? उसकी छोटी बहन, जो उसे हर साल राखी बांधती है, वह उसकी रक्षा का वचन देता है, वो किसको राखी बांधती, कौन उसे रक्षा का वचन देता? उसके दादा-दादी की देखभाल कौन करता? ये सारी बातें उसके मन में आईं। ऋषभ ने फैसला किया कि अब वह सेल्फी लेने का अपना मोह छोड़ देगा। महज लाइक्स और कमेंट के लालच में अपनी जान दांव पर नहीं लगाएगा।

ऋषभ जब घर पहुंचा तो बहुत उदास था। मम्मी ने पूछा, 'बेटा क्या हुआ, इतने उदास क्यों हो?'

ऋषभ ने मम्मी को आज का सारा वाकया कह सुनाया। तब मम्मी को भी ध्यान आया कि उसके मोबाइल पर भी एक अंजान कॉल आई थी। मम्मी ने पूछा तो उसने अपने दोस्तों के बारे में बताया और यह भी बताया कि उस घटना के दौरान ही सूचना देने के लिए ऋषभ के दोस्त ने उन्हें कॉल किया था। ऋषभ ने कहा, 'मम्मी, मैं समझ गया कि मैंने आज जो किया, वह बहुत गलत है। मुझे ऐसा नहीं करना चाहिए।'

'चलो, देर आए दुरुस्त आए।' मम्मी ने उसके सिर पर हाथ फेरा। ऋषभ की बातों से उन्होंने राहत की सांस ली। *

---

कविता
डॉ. राकेश 'चक्र'



## और बताओ मुझको नानी

सोचो नानी मुझे बताओ,
कैसे फूल डाल पर महकें।
भिन्न स्वाद के फल हम खाते,
खग पक्षी पेड़ों पर चहकें।।
और बताओ मुझको नानी,
बुलबुल क्यों गाती है गाना!
कभी हवा संयत हो जाए,
कभी बदल लेती है बाना!
मुझको नानी यह समझाओ,
तोते क्यों हरियल होते हैं?
और मोर के पंख निराले,
इतने रंगों के होते हैं!
प्यारी नानी, मुझे बताओ,
दिनकर क्यों है आग उगलता?
चंदा-मामा के मुखड़े पर,
खड्डे जैसा दाग झलकता!
और बताओ मुझको नानी,
बादल कैसे जल बरसाते?
कैसे सागर से जल लाकर,
भू,जीवों की प्यास बुझाते!
और बताओ मुझको नानी,
क्यों सागर का जल खारा है?
ऋतुओं की अदली-बदली से,
घटता बढ़ता क्यों पारा है?
कर दुलार, नानी फिर बोली,
प्रभु की ही है यह सब माया।
ईश्वर ही सबका मालिक है,
जिसने यह संसार बनाया।।

---

## रंग भरो-186

**रंग भरो-186** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





जॉन, अंबिकापुर



आशना, जांजगीर



आन्या, दुर्ग



रेयांश, बिलासपुर



माही, महासमुंद



डॉली, मटियारी

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

डिंपल-दुर्ग, पलक-अटेली मंडी, भूमिश-बिलासपुर, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, चंपक-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, हरीश-करनाल, विनोद-बिलासपुर, कोमल-कोरबा

## रंग भरो 187



बच्चो, यहां बैलून से खेलती हुई लड़की और एक बर्ड का प्यारा-सा ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप

### राइट टू नो डे पर क्विज प्रतियोगिता आयोजित

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्याल के विधि विभाग में राइट टू नो डे के उपलक्ष्य में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पंचकूला के निर्देशानुसार विधिक साक्षरता क्लबों के सहयोग से आयोजित की गई। प्रतियोगिता में कुल 36 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

तीन चरणों में आयोजित इस प्रतियोगिता के पहले चरण में 10 टीमों का चयन किया गया। तत्पश्चात अंक तालिका के आधार पर तीन श्रेष्ठ टीमों का चयन किया गया। प्रतियोगिता में बीएएलएलबी (ऑनर्स) प्रथम वर्ष की छात्राएं तमन्ना एवं मुस्कान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

### आर्ट ऑफ लिविंग ने किया हैप्पीनेस प्रोग्राम

**हांसी।** आर्ट ऑफ़ लिविंग की ओर से आयोजित चार दिवसीय हैप्पीनेस प्रोग्राम का गुरुवार को समापन हुआ। इस कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और जीवन में सकारात्मक परिवर्तन का अनुभव किया। कार्यक्रम का संचालन आर्ट ऑफ लिविंग की सीनियर फैकल्टी श्वेता जैन व शशि गोयल ने किया।

इस चार दिवसीय कार्यशाला में प्रतिभागियों ने सुदर्शन क्रिया, योग, ध्यान और प्राणायाम जैसी जीवनोपयोगी तकनीकें सीखीं, जिनसे उन्हें गहरी मानसिक शांति, आत्मविश्वास और आंतरिक ऊर्जा का अनुभव हुआ।

### इनेलो नेता एडवोकेट प्रमोद को मातृशोक

**हिसार।** इनेलो नेता एवं हिसार विधानसभा सीट से प्रत्याशी रहे एडवोकेट प्रमोद बागड़ी की माता संतरा देवी का निधन हो गया है। प्रमोद बागड़ी ने बताया कि उनकी मां सन्तरा देवी पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रही थी। संतरा देवी के निधन पर राजनीतिक दलों, सामाजिक संस्थाओं व गणमान्य लोगों ने शोक जताया।

### 6387 मीटर ऊंची ब्लैक पीक पर फहराया तिरंगा

**हिसार।** राजगढ़ रोड स्थित राजकीय महाविद्यालय के भूगोल विभाग के अंतरराष्ट्रीय पर्वतारोही और सहायक प्राध्यापक प्रो. मनोज कुमार ने उत्तराखंड के गढ़वाल हिमालय में स्थित 6387 मीटर ऊंची ब्लैक पिक पर भारतीय तिरंगा फहराकर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है।

## 55 लाख की चोरी की दर्ज करवाई थी शिकायत

# चोरी की बड़ी वारदात का पर्दाफाश आरोपी से 37 लाख के गहने जब्त

- 10 दिन के रिमांड पर चल रहे चोरी के आरोपी को शुक्रवार को अदालत में पेश किया जाएगा
- दो नौकरानियों ने मिलकर घर की अलमारी से की चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार


**हिसार।** पकड़ा गया चोरी का आरोपी। फोटो : हरिभूमि

चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार करके उससे 37 लाख के आभूषण बरामद किए हैं। आरोपी फिलहाल 10 दिन के रिमांड पर है, जिसे शुक्रवार को अदालत में पेश किया जाएगा।

### पीड़ित श्रवण ने दी थी चोरी की शिकायत

पुलिस के अनुसार पिछले वर्ष एक सितंबर को पीएलए निवासी श्रवण कुमार पीएलए पुलिस चौकी में शिकायत दी थी कि उनके घर काम करने आई नौकरानी पायल व आरती ने मिलकर घर की अलमारी से लगभग 55 लाख रुपये के सोने-हीरे के आभूषण व 32 हजार रुपये नकद चोरी कर लिए। शिकायत पर सिविल लाइन थाना में केस दर्ज किया गया था। पुलिस अधीक्षक ने एबीवीटी टीम को विशेष निर्देश दिए। टीम प्रभारी उप निरीक्षक धर्मवीर के नेतृत्व में लगातार प्रयास करते हुए पुलिस ने तकनीकी व गुप्त सूचना के आधार पर दिल्ली के उत्तम नगर निवासी रवि शाह को गिरफ्तार किया।

### रिमांड पर लिया

आरोपी को गत 23 सितंबर को अदालत में पेश करके 10 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। रिमांड अवधि के दौरान पुलिस ने आरोपी से लगभग 37 लाख रुपये मूल्य के चोरीशुदा आभूषण दिल्ली और कोलकाता से बरामद किए गए है। बरामद सामान में 17 तोला सोने के आभूषण, 330 ग्राम चांदी व हीरे के जेवरात शामिल है। टीम प्रभारी ने बताया कि उपरोक्त मामले में पहले दो महिला आरोपियों सहित 4 आरोपियों की गिरफ्तारी की जा चुकी है।

### 8.66 ग्राम हेरोइन व एक किलो 52 ग्राम गांजा किया बरामद

**हिसार।** पुलिस ने दो अलग अलग जगहों से तीन व्यक्तियों को काबू कर 8.66 ग्राम हेरोइन और 1 किलो गांजा बरामद किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस की नशा निरोधक पुलिस टीम ने गश्त के दौरान सूचना के आधार पर अग्रोहा गांव बस स्टेंड पर नाकाबंदी कर सिरसा की तरफ से आ रहे दो व्यक्तियों को काबू नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम रानियां निवासी मनप्रीत और देवकरण बताया। उपरोक्त मनप्रीत और देवकरण के कब्जे में पिट्ठू बैग से एक पॉलिथीन की थैली से 8.66 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। इसके अलावा पुलिस टीम ने बस स्टेंड किरोड़ी से मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति को काबू कर एक किलोग्राम 52 ग्राम गांजा बरामद किया। उसने अपना नाम संजू बताया। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार करके हेरोइन, गांजा व मोटर साइकिलों कब्जे में लेकर उन पर केस दर्ज किए।

### आभूषण चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**आदमपुर।** आदमपुर पुलिस ने गांव मोहब्बतपुर स्थित मकान से चांदी के सिक्कों सहित आभूषण चोरी के मामले आरोपी ढाणी मोहब्बतपुर निवासी बलजीत को गिरफ्तार किया है। एएसआई विनोद ने बताया कि इस संबंध में मोहब्बतपुर गांव निवासी अमर सिंह ने उसके घर से चांदी के सिक्कों सहित सोने और चांदी के आभूषण चोरी होने के बारे में शिकायत दी थी। उसने बताया कि वह 25 सितंबर महराणा गए थे और वापस आए तो उसके घर से नकदी सहित सोने चांदी के आभूषण चोरी हुए मिले। पुलिस ने शिकायत पर केस दर्ज करके छानबीन करते हुए उपरोक्त आरोपी बलजीत को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से 22 चांदी के सिक्के और सोने व चांदी के सिक्के बरामद किए है। उसे अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# शहीद एसआई रामस्वरूप यादव की 36वीं जयंती पर किया नमन

- शहीदों की शहादत की वजह से आज हम सभी हैं सुरक्षित : इंस्पेक्टर सतबीर सिंह
- सीआरपीएफ सोनीपत की टुकड़ी ने गांव पहुंच अर्पित की श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी



**हांसी।** शहीद रामस्वरूप यादव को श्रद्धांजलि अर्पित करते ग्रामीण।

शहीद सब इंस्पेक्टर रामस्वरूप यादव की 36वीं जयंती पर गुरुवार को ग्रुप केंद्र सीआरपीएफ सोनीपत की एक प्लाटून द्वारा श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। इंस्पेक्टर सतबीर के नेतृत्व में सीआरपीएफ की प्लाटून ने उनके पैतृक गांव मिलकपुर-2 में पहुंच शहीद स्मारक पर सैन्य सम्मान के साथ उन्हें सलामी दी तथा उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

प्लाटून कमांडर इंस्पेक्टर सतबीर सिंह ने बताया कि शहीद सब इंस्पेक्टर रामस्वरूप यादव ने 2 अक्टूबर 1989 को रात करीब 9 बजे पंजाब के अमृतसर में उग्रवादियों द्वारा सीआरपीएफ की कानबाई की एक गाड़ी को बम ब्लास्ट से उड़ा दिया था तथा उसके बाद घात लगाकर बैठे उग्रवादियों द्वारा किए के हमले के बाद हुई एक मुठभेड़ में बहादुरी का परिचय देते हुए उग्रवादियों द्वारा छिप की जा रही गोली बारी का मुंह तोड़ जवाब दिया था जिसके बाद उग्रवादी रात के अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए थे। लेकिन इस हादसे में रामस्वरूप गंभीर रूप से घायल हो जाने के बावजूद उग्रवादियों को खदेड़ने के बाद अपने जीवन का सर्वोच्च बलिदान देकर देश की हिफाजत की थी।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर नंबरदार कुलदीप यादव, सरपंच भीम सिंह यादव, अहीर रेजिमेंट संघर्ष समिति के प्रदेशाध्यक्ष एलएन यादव, ग्राम विकास मंडल के अध्यक्ष राजेश यादव, बीईओ सुरेश कुमार, बवानीखेड़ा थाना में तैनात एएसआई प्रवीण कुमार, रिटायर्ड हैड मास्टर राजेन्द्र यादव, बाबा बलदेव मंदिर सभा मिलकपुर के कोषाध्यक्ष पुर्णमल यादव, रिटायर्ड एसडीओ डॉ डीपी यादव, रिटायर्ड असिस्टेंट कमांडेंट धर्मपाल यादव, रिटायर्ड प्रिंसिपल राजमल, बैंक मैनेजर अनिल कुमार, रिटायर्ड एसआई पुर्ण चंद यादव, रिटायर्ड सुबेदार कांसी राम, जोगिंदर यादव, एडवोकेट वीरेंद्र यादव, सुबेदार गंगाराम, रिटायर्ड सुबेदार मेजर सुभाष यादव, आदि गणमान्य उपस्थित रहे।

### स्वर्गीय वेद झंडई के जन्मदिवस पर 35 लोगों ने किया रक्तदान

**हिसार।** थैलेसीमिया वेलफेयर सोसायटी एवं पतंजलि योग समिति की ओर से सोसायटी के प्रधान व संस्था के संस्थापक रहे स्व. वेद झंडई के जन्म दिवस पर सिविल अस्पताल में प्रातः रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। सोसायटी के सदस्य व स्व. वेद झंडई के पुत्र सौरभ झंडई ने बताया कि शिविर में 35 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। जिले में थैलेसीमिया के लगभग 150 मरीज हैं। इस अवसर पर भारत स्वाभिमान हरियाणा के राज्य प्रभारी ईश कुमार आर्य, भारत स्वाभिमान के जिला प्रभारी डॉक्टर मुकेश कुमार, पतंजलि योग समिति हिसार के जिला प्रभारी वीरेंद्र बड़ाला, यज्ञ प्रभारी विनय मल्होत्रा, नशा मुक्ति प्रभारी बलराज मलिक, महामंत्री सुनील कक्कड़, खंड बास के युवा प्रभारी विजय रंगा, पतंजलि योग समिति हिसार के जिला कोषाध्यक्ष एवं कार्यालय प्रभारी नरेंद्र वशिष्ठ, राजकंवर राजथल, सतबीर आजाद नगर, वित्त व्यवसाय प्रभारी गोकुल चंद नारंग, थैलेसीमिया वेलफेयर सोसायटी हिसार की प्रधान पुष्पा झंडई, सोसायटी सचिव तनु वर्मा ठकराल, सौरभ झंडई, ओपी अरोड़ा, ईश गिरधर, राजेन्द्र सपड़ा, अमित झांब, आदि उपस्थित रहे।



**हिसार।** स्व. वेद झंडई के जन्मदिवस पर लगाये गये रक्तदान शिविर में रक्त देते डॉ. मुकेश कुमार।


**हिसार।** महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते जिला अध्यक्ष बृजलाल एवं अन्य।

### कांग्रेस कमेटी की ओर से गांधी-शास्त्री जयंती पर 'सद्भावना यात्रा' एवं 'श्रद्धांजलि सभा' का आयोजन

**हिसार।** जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के पावन अवसर पर, सद्भावना यात्रा तथा श्रद्धांजलि सभा का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण) के अध्यक्ष बृज लाल बहबलपुरिया के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। सद्भावना यात्रा प्रातः पांच बजे नागोरी गेट से सद्भावना यात्रा का आरम्भ हुआ। इस यात्रा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के अतिरिक्त विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों, युवाओं, महिलाओं और गणमान्य नागरिकों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। यात्रा का पहला चरण गांधी चौक, हिसार पर समाप्त हुआ, जहां एकत्रित सभी कांग्रेसजनों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया।

# हमें मर्यादा पुरुषोतम श्रीराम के पदचिन्हों पर चलना चाहिए : जैन

- सैंट ज्ञानेश्वर स्कूल में रामायण मंचन समारोह का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

सैंट ज्ञानेश्वर सीनियर सैकेंडरी स्कूल में राम नवमी के अवसर पर स्कूली विद्यार्थियों द्वारा रामायण मंचन का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि विनय जैन, प्रधान, युवा अग्रोहा धाम ट्रस्ट हांसी तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता राम सिंह, प्रधान, कुम्हार सभा, मण्डी सैनीयान ने की। प्रवक्ता पूनम अनेजा ने बताया कि कार्यक्रम में स्कूल विद्यार्थियों ने अपनी-अपनी प्रस्तुतियां इस प्रकार दी, जिसमें भरत मिलाप, शूपर्णखां प्रपंच, सीताहरण, शबरी-राम मिलन, सीता-त्रिजटा संवाद व राम-रावण युद्ध प्रमुख थे। छात्र-छात्राओं ने 12 फुट का रावण बनाकर दहन किया। मुख्य अतिथि विनय जैन ने कहा कि हमें मर्यादा पुरूषोतम श्री राम के पदचिन्हों पर चलना चाहिए।


**हांसी।** रामलीला मंचन के दौरान राम, सीता व लक्ष्मण का किरदार निभाते विद्यार्थी।

### ये रहे उपस्थित

प्रधानाचार्य सतीश वर्मा ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम बच्चों में भारतीय संस्कृति के प्रति रूझान को दर्शाते है। उन्हें अपनी प्राचीन विरासत का पता चलता है कि रावण दहन किस प्रकार असत्य की सत्य तथा बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। इस अवसर पर गौरव जैन, पवन कुमार, कुलदीप कुमार, नितिन सिंगला, आशीष गुप्ता, नीरज गुप्ता, राधेश्याम, आदि उपस्थित रहे।


**हिसार।** शिविर में मरीज की जांच करते चिकित्सक तथा उपस्थित जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### सेवा पखवाड़े के दौरान आम जनता के हित में अनेक सराहनीय कार्य किए : आशा खेदड़

**हिसार।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन से शुरू होकर गांधी जयंती तक चले सेवा पखवाड़े के दौरान पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने मेहनत से जरूरतमंद जनता के लिए जो-जो सेवा कार्य किए हैं, वे सराहनीय है। इससे जरूरतमंद लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं, मेडिकल कैंप व अन्य सुविधाए दी गई है और ऐसा करना हमारा कर्तव्य भी है। यह बात भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने सेवा पखवाड़े के अंतिम दिन हिसार अर्बन मंडल के तहत गंगा अस्पताल में आयोजित चिकित्सा शिविर के दौरान उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि सेवा पखवाड़े के दौरान की गई सेवा सराहनीय है, पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने दिन रात एक करके इसे सफल बनाया और आम जनता के हित में अनेक कार्य किए।

# एसडी मॉडर्न पब्लिक स्कूल में मनाया दशहरा उत्सव

- जीवन में बुराइयों को त्याग कर अच्छाइयों को अपनाने का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

एसडी मॉडर्न पब्लिक स्कूल में गुरुवार को दशहरा उत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दिन का उद्देश्य विद्यार्थियों को यह संदेश देना था कि हमें अपने जीवन में बुराइयों को त्याग कर अच्छाइयों को अपनाना चाहिए।

इस अवसर पर रामायण के आदर्शों को स्मरण करते हुए विद्यार्थियों को बताया गया कि रावण प्रतीक है अहंकार, क्रोध और असत्य का, वहीं भगवान श्रीराम प्रतीक हैं सत्य, धर्म और सद्गुणों का।

प्राचार्या ऋतु सिंह ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि दशहरा केवल रावण दहन का पर्व नहीं है बल्कि यह हमें अपने अंदर की बुराइयों को पहचानने और उन्हें समाप्त करने का अवसर देता है। विद्यार्थियों ने नाट्य प्रस्तुति, श्लोक वाचन और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से बुराई पर अच्छाई की विजय का संदेश दिया। इस अवसर पर प्रबंधन समिति प्रधान सज्जन कुमार अग्रवाल, ने अपने विचार रखे।


**हांसी।** दशहरा उत्सव पर रामलीला मंचन करते विद्यालय के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

# स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाकर स्पर्धाओं से किया लोगों को जागरूक

- प्लास्टिक छोड़कर कपड़े का थैला अपनाने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

महिला सशक्तीकरण, स्वावलंबन, स्वरोजगार व शिक्षा के प्रति समर्पित इंदिरा देवी चैरिटेबल ट्रस्ट ने स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाकर विद्यार्थियों को स्वच्छता अपनाने की शपथ दिलवाई। बस स्टेंड के पास ऋषि नगर में स्थापित इंदिरा देवी चैरिटेबल ट्रस्ट के परिसर में अभियान का आयोजन पूरे उत्साह के साथ किया गया। स्वच्छता के प्रति जागरूक करने वाली विभिन्न स्पर्धाओं का भी आयोजन किया गया। इंदिरा देवी चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष रजत गुप्ता ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य आने वाली पीढ़ियों में स्वच्छता को एक आदत और जीवनशैली के रूप में स्थापित करना है।


**हिसार।** स्वच्छता ही सेवा अभियान में हिस्सा लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित

स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत स्वच्छ भारत-स्वस्थ भारत विषय पर पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसी भांति निबंध लेखन एवं भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने स्वच्छता को सिर्फ सफाई नहीं बल्कि सेवा और राष्ट्र निर्माण से जोड़ते हुए गहन और प्रभावशाली विचार प्रस्तुत किए। प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान के तहत बच्चों ने लघु नाटिका प्रस्तुत करके प्लास्टिक छोड़कर कपड़े का थैला अपनाने का आह्वान किया।

# भगवान विष्णु ने असुरों के संहार के लिए मानव अवतार लिया था : गर्ग

- भगवान श्री राम ने विपरीत परिस्थितियों में भी अपने आदर्शों को नहीं त्यागा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

बाबा प्रयाग गिरी शिवालय मंदिर ट्रस्ट में रामनवमी पर हवन-पूजन व भंडारा का कार्यक्रम शिवालय मंदिर व शिक्षाण संस्थान के प्रधान बजरंग गर्ग के नेतृत्व में हुआ। इसमें भारी संख्या में धर्म प्रेमियों ने भाग लिया।

बजरंग गर्ग ने इस अवसर पर कहा कि भगवान श्री रामचंद्र को विष्णु भगवान जी का अवतार माना जाता है। भगवान विष्णु जी ने असुरों का संहार करने के लिए श्री राम के रूप में मानव अवतार लिया था। भगवान श्री रामचंद्र जी को मर्यादा पुरुषोत्तम कहा जाता है। भगवान श्री राम ने विपरीत परिस्थितियों में भी अपने आदर्शों को नही त्यागा और मर्यादा में रहते हुए जीवन व्यतीत किया। उन्होंने कहा कि देश भर में रामनवमी पर पूजा अर्चना कर श्री राम जी का जन्मोत्सव मानते हैं जबकि माता कैकयी द्वारा राम जी के पिता महाराजा दशरथ से वरदान मांगे जाने पर श्री राम ने राजपाट छोड़कर 14 वर्षों के लिए खुशी-खुशी वनवास चले गए थे। वनवास के दौरान श्री रामचंद्र जी ने अहंकारी रावण का वध कर लंका पर विजय प्राप्त की।


**हिसार।** शिवालय मंदिर ट्रस्ट व शिक्षाण संस्थान के प्रधान बजरंग गर्ग आरती करते हुए।


**हिसार।** गांधी जयंती पर स्वच्छता अभियान चलाते ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

### गांधी जयंती पर गांव में चलाया सफाई अभियान

**हिसार।** गांधी जयंती पर नजदीकी गांव खारियां में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती पर सफाई अभियान चलाया गया। यह कार्यक्रम मेरा युवा भारत हिसार एवं सनराइज हाई स्कूल डोभी और आजाद हिन्द युवा क्लब गांव किरतान के सहयोग से चलाया गया। सरपंच बलवान धायल ने कहा कि महात्मा गांधी ने सारा जीवन देश की सेवा में लगा दिया। उनका सपना था कि मेरा भारत साफ सुथरा हो। उन्होंने हमेशा सुन्दर तथा साफ सुथरे गांवों की कल्पना की थी। उनसे प्रेरणा लेकर आज आगे बढ़ रहे है। महात्मा गांधी ने समाजिक सुधार के अनेक काम किए। आजादी के लिए महात्मा गांधी ने देश को एकसूत्र में बांधने का काम किया। उनका नारा था एक नहीं होंगे तो कभी भी आजाद नहीं होंगे। गांव-गांव जाकर लोगों से मिलते थे और वार्ता करते थे कि हम आजाद तभी होंगे जब सब एक हो जाएंगे। आज देश आजादी की सांस ले रहा है। गांधी जी का सपना पूरा करने का हम सभी को प्रयास करना चाहिए और उनके बताए रास्ते पर चलना चाहिए। इस मौके पर आजाद हिन्द युवा क्लब गांव किरतान के प्रधान कपूर सिंह आर्य, प्रोमिल आर्य, स्वामी बादर सिंह, सिलोचना, जितिन, दीपांशु, विष्णु, विनीत, तनुज, गोविंद, हरीश, सुमीत, देविश आदि मौजूद थे।

## लैंगिक समानता जागरूकता अभियान के दौरान कुलपति प्रो. बिश्नोई ने रखे विचार

# सबको मिलें राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के समान अवसर

- थर्ड जेंडर की स्वीकृति एवं सम्मान का होना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा है कि विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने के लिए राष्ट्र में लैंगिक समानता एवं महिला सशक्तिकरण, यौन शोषण की रोकथाम तथा थर्ड जेंडर की स्वीकृति एवं सम्मान का होना जरूरी है। हर वर्ग तथा व्यक्ति को राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के समान अवसर प्राप्त होने चाहिए। इससे राष्ट्र की सम्पूर्ण मानव ऊर्जा को विकास के लिए प्रयोग किया जा सकेगा। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की पहल जेंडर चैम्पियंस के तहत लैंगिक समानता जागरूकता अभियान के दौरान विद्यार्थियों को संबोधित कर रहे थे। यह अभियान डॉ. मनीषा जांगड़ा के नेतृत्व में जेंडर चैम्पियंस तथा सहयोगी विद्यार्थियों द्वारा चलाया गया। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा कि इस प्रकार के अभियान विद्यार्थियों को राष्ट्र व समाज के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं। विश्वविद्यालय इस प्रकार के अभियानों को लगातार चला रहा है।


**हिसार।** लैंगिक समानता जागरूकता अभियान के प्रतिभागियों के साथ कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई। फोटो : हरिभूमि

### पोस्टरों के माध्यम से संदेश प्रसारित किए

अभियान के दौरान पोस्टरों के माध्यम से संदेश प्रसारित किए गए और विद्यार्थियों को आगामी प्रतियोगिताओं कविता पाठ, स्लोगन लेखन, भाषण लेखन, जेंडर रोल रिवर्सल एवं नुक्कड़ नाटक में भाग लेने हेतु प्रेरित किया गया, जिन्हें शीघ्र ही जेंडर चैम्पियंस द्वारा आयोजित किया जाएगा। गुमनाम स्वीकारोक्ति मंच की व्यवस्था भी की गई, जिससे विद्यार्थियों को अपने विचार एवं अनुभव सुरक्षित वातावरण में साझा करने का अवसर मिला। अभियान में विश्वविद्यालय के जेंडर चैम्पियंस यशु, आदित्य, शिवांग एवं करुणा ने सक्रिय भूमिका निभाई और सहयोगी विद्यार्थियों के साथ मिलकर सभी को समावेशी वातावरण में भागीदारी के लिए प्रेरित किया।

### अभियान से जोड़ा

डॉ. मनीषा जांगड़ा ने बताया कि जेंडर चैम्पियंस तथा सहयोगी विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों और कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों को अभियान से जोड़ा। उन्होंने बताया कि इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों में लैंगिक समानता, महिला सशक्तिकरण, यौन शोषण की रोकथाम तथा थर्ड जेंडर की स्वीकृति एवं सम्मान के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। विद्यार्थियों ने इस अवसर पर सभी जेंडर्स के प्रति समानता और सम्मान बनाए रखने की शपथ भी ली।